दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय

वार्षिक प्रतिवेदन

2017-18

संपादकीय समिति

संरक्षक :

प्रो. हरीशचन्द्र सिंह राठौर, कुलपति

पर्यवेक्षण :

प्रो. ओम प्रकाश राय, प्रति कुलपति
प्रो. प्रभात कुमार सिंह, कुलसचिव

समायोजक एवं संपादक :

मो. मुदस्सीर आलम, जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ)

सदस्य :

श्री प्रतिश कुमार दास, सहायक निदेशक, राजभाषा
श्री कुमार कौशल, सहायक कुलसचिव, शैक्षणिक
श्री प्रवीण कुमार, सहायक कुलसचिव, डेवलपमेंट
डॉ. सुरेश कुरापति, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी
श्री निशांत जोशी, अनुभाग अधिकारी, वित्त एवं लेखा
श्रीमती सरिता मिश्रा, हिन्दी अनुवादक
श्री हिटलर प्रसाद, हिन्दी टंकक



कुलाध्यक्ष

श्री राम नाथ कोविंद

महामहिम, भारत के राष्ट्रपति

कुलपति
प्रो. हरीशचन्द्र सिंह राठौर

प्रति कुलपति
प्रो. ओम प्रकाश राय

कुलसचिव
प्रो. प्रभात कुमार सिंह

वित्ताधिकारी
श्री गिरीश रंजन

परीक्षा नियंत्रक
श्रीमती रश्मि त्रिपाठी

कुलपति की कलम से ...

प्रो. हरीशचन्द्र सिंह राठौर
(डी.ए.ए.डी. एंड हम्बोल्ट फेलो)

वार्षिक रिपोर्ट का प्रत्येक संस्करण एक विश्वकोष है जो विश्वविद्यालय के गुज़रे हुए पलों को एक जगह समेट कर प्रस्तुत करता है ताकि इसके हितधारक इसके वर्तमान के साथ-साथ इसके भविष्य में हाने वाली गतिविधियों एवं उपलब्धियों का भी अवलोकन कर सकें। विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में दायित्वों को निभाने की बड़ी चुनौतियां हैं, विशेषकर दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे उदीयमान विश्वविद्यालय जो कि अभी बड़े परिवर्तन की ओर बढ़ रहे हैं, में यह और भी बढ़ जाती हैं। हालांकि, कुलपति के रूप में अपने दायित्वों को निभाने तथा संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए मार्गदर्शन देने का कार्य चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ आत्मिक सुख भी प्रदान करता है।

मेरे अत्यधिक कुशल और शिक्षण केंद्रित शैक्षणिक और गैर-शिक्षण कार्मिकों तथा विद्यार्थियों को बहुत-बहुत धन्यवाद जिन्होंने दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय को भारत के सर्वोच्च शैक्षणिक संस्थानों की पंक्ति में लाने हेतु हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर पूरी तत्परता से कार्य किया।

शैक्षणिक वर्ष 2017-18 एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा है जिस दौर में विभिन्न पहलुओं में विश्वविद्यालय ने चहुमुखी विकास किया है। सर्वप्रथम शुरूआत विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह की बात से करते हैं जो 27 मार्च, 2018 को पटना के बीआईटी परिसर के सभागार में आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2014, 2015, 2016 और 2017 में उतीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां और पदक प्रदान किए गए। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि पद्म भूषण से सम्मानित आदरणीय डॉ. विजय पी. भटकर थे जो कि सूचना एवं कंप्यूटर प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रसिद्ध वैज्ञानिक हैं तथा जिन्होंने परम सुपर कंप्यूटर विकसित किया था। भारत में सुपर कंप्यूटिंग के जनक कहे जाने वाले डॉ. भटकर ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि,"स्वतंत्रता के बाद भारत ने विकास का बहुत लंबा सफर तय कर लिया है और मुझे विश्वास है 21वीं शताब्दी यकीनन भारत के विकास के नाम रहेगी।" उन्होंने विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वो देश की परंपरा और मूल्यों का अनुसरण करें तथा प्राप्त सुविधाओं का उपयोग न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए बल्कि सामाजिक विकास के लिए करें। यूजी (स्नातक), पीजी (स्नातकोत्तर) तथा एम.फिल के विभिन्न प्रोग्रामों से अव्वल आने वाले 90 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जिनमें 5 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 25 स्कूल स्वर्ण पदक तथा 60 विभागीय स्वर्ण पदक शामिल थे।

दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के अतिरिक्त विश्वविदयालय में पूरे वर्ष तीन नये पाठयक्रमों, पीएचडी, शोध कार्यक्रम, पाठयक्रम का अभ्यास तथा चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) की शुरूआत की गई जिससे विदयार्थियों को पाठयक्रमों के चयन में स्वतंत्रता होगी तथा साथ ही कई कार्यशालाओं, सम्मेलनों, वार्ताओं, इत्यादि का आयोजन किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विद्यार्थियों ने यूजीसी जेआरएफ-नेट, गेट जैसी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर तथा पूरे देश के विभिन्न संगठनों तथा शैक्षिक संस्थानों में इंटर्नशिप तथा रोजगार अवसर प्राप्त करके अपनी प्रतिभा लोहा मनवाया। अपने शिक्षकों (संकाय सदस्यों) के सफल मार्गदर्शन में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने बहुत से राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया तथा पुरस्कार स्वरूप पदक जीत कर अपनी मातृ संस्था को गौरवान्वित किया।

जहां तक बुनियादी ढ़ाचें (भवन निर्माण) के विकास की बात है, जो कि किसी भी संस्थान के विकास का महत्वपूर्ण घटक है, मुझे बताते हुए बहुत ही हर्ष हो रहा है कि भवन निर्माण का कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ और विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से पंचानपुर स्थित अपने स्थाई परिसर से संचालित है। सीयूएसबी आज अपने 300 एकड़ की भूमि में विकसित हो रहा है तथा उत्तम शिक्षा तथा शोध का स्वागत करते हुए "उत्कृष्ट संस्थान" के रूप में सेवा के लिए तत्पर है तथा "राष्ट्र निर्माण" में अपना योगदान देने के लिए प्रस्तुत है। हम उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो कि आगे आने वाले वर्षों में भी जारी रहेगा और हम सीयूएसबी को एक विश्व स्तरीय सरकारी वित्त पोषित संस्थान बनाने के लिए तत्पर हैं और यह संभव है यदि हम एकजुट होकर इसी जोश और उत्साह से निरंतर कार्य करें।

(प्रो० हरीश चंद्र सिंह राठौर)

प्रमुख उपलब्धियां / कार्यकारी सारांश

इंडिया टुडे रैंकिंग में 25 वां रैंकिंग:

इंडिया टुडे ग्रुप द्वारा किए गए रैंकिंग में दक्षिण बिहार के केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भारत की सर्वश्रेष्ठ सरकारी विश्वविद्यालयों में 25 वां स्थान हासिल किया। सूची इंडिया टुडे के 4 जून, 2018 संस्करण में प्रकाशित हुई थी स्रोत संदर्भ: https://www.indiatoday.in/magazine/india-s-best-universities/story/20180702-think-inc-1265724-2018- 06-24

नए शैक्षणिक कार्यक्रम:

विश्वविद्यालय ने शिक्षा विभाग के तहत अकादमिक वर्ष 2017-18 के दौरान एम.एड. पाठ्यक्रम प्रारंभ किया।

छात्र नामांकन:

विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश राष्ट्रीय स्तर के संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया गया जो 10 केंद्रीय विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित किया गया था। सेंट्रल यूनिवर्सिटीज कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीयूसीईटी) - 2017 शैक्षिक वर्ष 2017-18 के लिए विभिन्न विषयों के तहत विभिन्न स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 76 टेस्ट सेंटर में पूरे भारत में आयोजित किया गया। प्रवेश परीक्षा 17-18 मई , 2017 को आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा के माध्यम से 417 उम्मीदवारों ने यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया।

नई नियुक्तियां / पदोन्नति :

शैक्षणिक पद - नियमित रूप से इस अवधि के दौरान 02 संकाय सदस्यों को नियुक्त किया गया है।

गैर-शैक्षणिक पद - 12 गैर-शिक्षण कर्मचारी नियमित आधार पर इस अवधि के दौरान नियुक्त किए गए हैं।

गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की पदोन्नति - प्रदर्शन / विभागीय परीक्षण के आधार पर, 08 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को इस अवधि के दौरान पदोन्नत किया गया।

अनुदान :

कुल प्राप्त सहायता अनुदान रु. 66.91 करोड़ रुपये, पिछले वर्ष के अव्ययित अवशेष रु. 68.09 करोड़ रूपये, आंतरिक संसाधनों एवं ट्यूशन शुल्क से प्राप्त आय रु. 6.93 करोड़ रुपये में से विश्वविद्यालय ने 2017-18 के दौरान रु. 72.12 करोड़ रूपये का उपयोग किया।

सूची

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय एक नजर में	1 – 3
2.	सीयूएसबी का द्वितीय दीक्षांत समारोह	4 – 7
3.	सीयूएसबी में सहपाठ्येतर गतिविधियां/आयोजन	8 – 16
4.	स्कूल एवं सेन्टर्स/डिपार्टमेन्ट	17 – 43
	(i) स्कूल ऑफ अर्थ, बायोलॉजिकल एंड एनवायर्नमेंटल साईंसेज	
	(ii) स्कूल ऑफ एजुकेशन	
	(iii) स्कूल ऑफ ह्यूमन साईंसेज	
	(iv) स्कूल ऑफ लेंग्वेजेज एंड लिटरेचर	
	(v) स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस	
	(vi) स्कूल ऑफ मेथेमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कंप्यूटर साइंस	
	(vii) स्कूल ऑफ मीडिया, आर्टस् एंड एस्थेटिक्स	
	(viii) स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड पॉलिसी	
5.	सीयूएसबी में वार्ता, कार्यशाला, सम्मेलन इत्यादि	44 – 50
6.	छात्र सांख्यिकी	51 – 60
7.	सीयूएसबी से विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां	61 – 62
8.	विश्वविद्यालय के सांविधिक प्राधिकार	63 – 65
9.	सांविधिक प्राधिकार की बैठक	66
10.	नियुक्तियां/भर्तियां	67

सीयूएसबी : एक नजर में

दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (2009 की धारा 25) के तहत बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधित अधिनियम, 2014 के तहत नाम परिवर्तन किया गया) के नाम से हुई। वर्तमान में विश्वविद्यालय गया पंचानपुर रोड पर स्थितगया रेलवे स्टेशन से लगभग 15 कि.मी. दूर पंचानपुर परिसर में कार्यरत है जो कि 300 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। विश्वविद्यालय का भव्य प्रवेश द्वार आगंतुकों का स्वागत करता है और आगे विश्वविद्यालय का सुंदर और भव्य प्रशासनिक भवन का मनोरम दृश्य है। विश्वविद्यालय परिसर में दो स्कूल भवन, व्याख्यान सभागार भवन, छात्र-छात्राओं के लिए दो अलग-अलग छात्रावास भवन, एक मेस तथा अन्य भवन स्थित हैं जो आगंतुकों के लिए मनोरम दृश्य प्रस्तुत करते हैं तथा एक शैक्षणिक संस्थान के परिचालन में उत्तम वातावरण प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय विश्व स्तर के शिक्षकों, उच्च शिक्षक-छात्र अनुपात, विभिन्न कार्यक्रमों में वैकल्पिक पाठ्यक्रम की पूरी संरचना के साथ-साथ विश्वविद्यालय के छात्रों के प्रदर्शन के कुल आंतरिक मूल्यांकन के साथ स्नातक (यूजी) एवं स्नात्कोत्तर (पीजी) में चुनाव आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) प्रदान करता है। छात्रों के समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए यह एक समर्थन प्रणाली जिसकी मुख्य विशेषताएं उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने के लिए दृष्टिकोण, नवीन शिक्षण, सुव्यवस्थित ढ़ांचागत सुविधाओं और छात्रों के साथ अनुकूल और प्रभावी अनुसंधान उन्मुख वातावरण हैं। विश्वविद्यालय के उद्देश्यों के अनुसरण में तथा समाज की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय ने 2009 में प्रारंभ से ही विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा अपना विकास किया है। एक सच्ची और विनम्र शुरूआत के साथ स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज़ एंड पॉलिसीज़ के तहत सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज़ की स्थापना की गई जो एमए डेवलपमेंट स्टडीज़ में दो वर्षीय मास्टर ऑफ आर्टस् प्रदान कर रहा है। अगले शैक्षणिक वर्ष 2010-2011 में विश्वविद्यालय ने 5 अतिरिक्त स्नातकोत्तर कार्यक्रम बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, एनवायरनमेंटल साइंस, मेथेमेटिक्स और स्टैटिस्टिक्स की शुरूआत की। शैक्षणिक वर्ष 2011-12 में 3 और स्नातकोत्तर कार्यक्रम नामत: बायइनफॉरमेटिक्स, कम्युनिकेशन एंड मीडिया स्टडीज़ एंड साइकोलॉजी को जोड़ा गया। शैक्षणिक वर्ष 2012-13 में 7 नए मास्टर/स्नातकोत्तर कार्यक्रम नामत: लाइफ साइंस, इकोनॉमिक्स, इंगलिश, हिंदी, पॉलिटिकल साइंस एंड इंटरनेशनल रिलेशंस, सोशियोलॉजी एवं एमटेक कंप्यूटर साइंस को प्रारंभ किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2013-14 में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड ड्यूअल डिग्री बीए.बीएड एवं बीएससी.बीएड को स्कूल ऑफ एजुकेशन के तहत तथा पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ डिग्री प्रोग्राम बीए.एलएलबी (ऑनर्स) एवं बीएससी. एलएलबी ऑनर्स को स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के तहत प्रारंभ किया गया। वर्ष 2013 से लगभग सभी विषयों में इंटीग्रेटेड एमफिल.पीएचडी प्रोग्रामों की शुरूआत की गई। वर्ष 2016-17 से यूजीसी नियमों के अनुसार पीएचडी प्रोग्रामों की शुरूआत की गई। एजुकेशन (एमएड) और लॉ (एलएलएम) में भी विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर प्रोग्राम प्रदान की जा रही है। वर्तमान में 18 सेंटर / विभागों द्वारा कुल 04 पूर्व स्नातक (यूजी), 17 स्नातकोत्तर (पीजी) और 12 एमफिल.पीएचडी प्रोग्रामस् संचालित है।

अधिनियम की धारा 5 में यथा उल्लिखित, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के उद्देश्य हैं:

" ... विद्या के ऐसे क्षेत्रों में, जहां विश्वविद्यालय उपयुक्त समझे, शिक्षण एवं शोध की सुविधा प्रदान कर ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना, अपने शैक्षणिक क्रार्यक्रमों के मानविकी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में संश्लेषित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष प्रावधान करना एवं शिक्षा अर्जन पद्धति तथा अंतरविषयी अध्ययन एवं शोध में अभिनव विचारों को बढ़ावा देने हेतु उपयुक्त उपाय करना, देश के विकास के लिए जनशक्ति को शिक्षित एवं प्रशिक्षित करना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उन्नयन हेतु उद्योग जगत से तारतम्य स्थापित करना तथा लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, उनके कल्याण तथा उनकी बौद्धिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास की आर विशेष ध्यान देना।"

केन्द्रीय पुस्तकालय

विश्वविद्यालय के पास अपने परिसर में सभी सुविधाओं से लैस केंद्रीय पुस्तकालय है। पुस्तकालय के पास अद्यतन संस्करण के शीर्षक के पुस्तकों तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स की पर्याप्त वॉल्यूम में संग्रह उपलब्ध हैं। पुस्तकालय ने 25000 से अधिक पुस्तकों का एक संतुलित संग्रह तैयार किया है जो विभिन्न साइंस एवं सोशल साइंस विषयों में शैक्षणिक गतिविधियां, शिक्षण एवं शोध को परिपोषित करती है। सभी पुस्तकों को डेवी डेसीमल क्लासिफिकेशन स्कीम (डीडीसी) की सहायता से बार कोडित तथा शेल्फस् (आलमारियों) में सजाया जा चुका है। पुस्तकालय ने 117 गुणवत्तापूर्ण प्रिंट जर्नल एवं पत्रिकाओं, 444 जर्नल्स की बाउंड वॉल्यूम तथा 100 प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ विश्व में नामचीन प्रकाशकों के 8200 से अधिक फुल टेक्सट इलेक्ट्रॉनिक जर्नल्स की भी सदस्यता ग्रहण की है। पुस्तकालय सेवाओं में पुस्तकों का परिसंचरण (जारीकरण/वापसी), डेलनेट नई दिल्ली के द्वारा इंटर-लाइब्रेरी लोन, पुस्तकों एवं जर्नल हेतु करेंट अवेयरनेस सर्विस (सीएएस), फोटोकॉपी इत्यादि शामिल हैं। उपयोगकर्ता (यूजर्स) पुस्तकालय में पुस्तकों की उपलब्धता, पुस्तकों की वर्तमान स्थिति, वापसी की नियत तिथि, पुस्तक को रिजर्व होल्ड (पास रखने) की स्थिति को ओपीएसी इस्तेमाल कर जान सकते हैं। विद्यार्थियों संकायों एवं कर्मचारियों की इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों तक पहुंच विश्वविद्यालय परिसर में उनके कंप्यूटरों पर ही उपलब्ध हैं। इन संसाधनों तक पहुंच को वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) द्वारा 24x7 संदर्भ सेवा में विस्तारित किया गया है। पुस्तकालय सभी कार्य दिवसों एवं शनिवार को प्रात: 08:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक खुला रहता है।

सेंट्रल कम्प्यूटर सुविधा

आईसीटी इन्फ्रास्ट्रक्चर / कंप्यूटर प्रयोगशाला

विभिन्न केंद्रों / विभागों की कंप्यूटिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय के पास एक कॉमन कम्प्यूटिंग सुविधा है। कंप्यूटर प्रयोगशाला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को उनके सत्रीय कार्यों, परियोजनाओं, शोध निबंधों और शोध संबंधी कार्यों को पूरा करने के लिए एक सेंट्रल कंप्यूटिंग सुविधा उपलब्ध करा रहा है। कंप्यूटर प्रयोगशाला में प्रिंटिंग एवं स्कैनिंग सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। शिक्षकों को व्यक्तिगत डेस्कटॉप / लैपटॉप उनके पुल प्रिंटर के साथ प्रदान किए गए हैं जो उनके व्याख्यानों एवं उनके शोध जरूरतों को पूरा करते हैं लगभग सभी प्रशासनिक डेस्क पर उचित संख्या में डेस्कटॉप के साथ प्रिंटर / फोटोकॉपी की सुविधा प्रदान की जा रही है।

इंटरनेट और इंट्रानेट – इंटरनेट कनेक्टिविटी भारत सरकार की नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू इन्फॉरमेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनएमई-आईसीटी) योजना के तहत प्रदान की जाती है। सभी कंप्यूटर 1-जीबीपीएस की इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़े हुए हैं। गिगाबाइट इथरनेट और ओएफसी बैकबोन से लैस इंट्रानेट नेटवर्क विभागों / केंद्रों, पुस्तकालय, प्रशासन, वर्ग कक्षों में इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करती है।

संसाधन – वर्तमान में विश्वविद्यालय में उच्च गुणवत्ता वाले 500 कंप्यूटर उपलब्ध है। सभी कंप्यूटर अत्याधुनिक ऑपरेटिंग सिस्टम एवं एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर से लैस हैं जो सभी शैक्षणिक जरूरतों को पूरा करते हैं। कंप्यूटर फॉयरवॉल तथा विश्वसनीय एंटीवायरस सॉफ्टवेयर से सुरक्षित हैं जो कंप्यूटरों को कंप्यूटर वायरस, मालवेयर तथा असुरक्षित पहुंच से बचातेहैं।

ई-लर्निंग उपकरण (एक दृष्टि) – एनएमई-आइसीटी योजना के अंतर्गत, एक दृष्टिवर्ग कक्ष कतिपय विश्वविद्यालयों को एक साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता जा रहा है और यह विद्यार्थियों के लिए आभासी विश्व का सृजन करता है। यह ज्ञान कैफे की तरह भी काम करता है जहां विद्यार्थी यथार्थ कक्षा के बाद दिए गए व्याख्यान के विषय में विचार-विमर्श / चर्चा कर सकते हैं।

वेबसाइट तथा ई-मेल सुविधा – विश्वविद्यालय का एक पूर्ण कार्यशील वेबसाइट विकसित किया गया है। इसे नियमित रूप से अनुरक्षित और अद्यतन किया जाता है। वेबसाइट का यूआरएल www.cusb.ac.inहै। विश्वविद्यालय के पास विद्यार्थियों एवं अध्यापकों एवं कर्मचारियों को समूह में मेल भेजने की क्षमतावाला शक्तिशाली ई-मेल सिस्टम है।

विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं

आवास सुविधा - वर्तमान में विश्वविद्यालय भुगतान आधार पर अपने परिसर में लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास सुविधा प्रदान करता है। वर्तमान में विद्यार्थियों के लिए छात्रावास के साथ भोजनगृह की सुविधा उपलब्ध है।

स्वास्थ्य संबंधी सुविधा – विश्वविद्यालय के पास अपना स्वास्थ्य केंद्र है जो चिकित्सा अधिकारियों के पर्यवेक्षण में अपने परिसर में विद्यार्थियों को सामान्य रोगों में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराता है।

विद्यार्थी मेडिक्लेम पॉलिसी – विद्यार्थी मेडिक्लेम विद्यार्थियों के लिए नेशनल इंश्योरंस कंपनी की एक अनोखी पॉलिसी है जो उन्हें स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत दुर्घटना हेतु बीमा प्रदान करती है। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी इस योजना के तहत बीमित हैं जिसके तहत वे अधिकृत अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा के पात्र हैं,साथ ही साथ अन्य अस्पतालों में 50,000 रूपए की सीमा तक चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर प्रतिपूर्ति ले सकते हैं।

छात्रवृत्ति योजनाएं - विश्वविद्यालय में योग्य और जरूरतमंद विद्यार्थियों हेतु निम्नलिखित छात्रवृत्ति / सहायतावृत्ति की योजनाएं उपलब्ध हैं : (i) सीयूएसबीईटी/सेमेस्टर टॉपर हेतु (ii) मेधा छात्रवृत्ति मेधा-सह-साधन छात्रवृत्ति (iii)गेट छात्रवृत्ति (iv)अध्ययन सह उपार्जन (ईडब्ल्यूवाईएल) योजना तथा (v)उपस्थिति आधारित मेधा छात्रवृत्ति।

मनोवैज्ञानिक परामर्श और मार्गदर्शन सेवाएं – शारीरिक स्वास्थ्य की तरह मानसिक स्वास्थ्य कार्यकुशलता और उत्पादकता निर्धारित करता है। मानसिक स्वास्थ्य शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, रचनात्मकता और शैक्षणिक संस्थानों में सौहार्दपूर्ण माहौल के लिए महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय ने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक विकसित दृष्टिकोण के साथ संस्थान हेतु एक मनोवैज्ञानिक परामर्श और मार्गदर्शन सेवाओं को अपनाया है।

कैंपस प्लेसमेंट – विश्वविद्यालय के पास एक कैरियर काउंसिलिंग और प्लेसमेंट सेल है जो विभिन्न केंद्रों और विभागों के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट और रोजगार के अवसरों का ख्याल रखता है। कई छात्रों को सत्र 2017-18 के दौरान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, केयर इंडिया (एनजीओ), गांधी फेलोशिप-पिरामल फाउंडेशन,इत्यादिमें नियुक्ति मिली। मीडिया के विद्यार्थियों को टाइम्स ऑफ इंडिया, हिंदुस्तान टाइम्स, ईटीवी भारत, हिंदुस्तान दैनिक, प्रभात खबर तथा अन्य मीडिया संगठनों में नियुक्ति मिली।

छात्र कल्याण बोर्ड – डीन छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) कक्षाओं के बाहर के छात्रों को व्यक्तित्व के विकास और आगे बढ़ने में योगदान हेतु सामान्य कल्याण के लिए जिम्मेदार है। डीएसडब्ल्यू का कार्यालय विभिन्न कर्तव्यों और कार्यों को निष्पादित करती है, यथा,(i) विश्वविद्यालय के बाहर शैक्षिक पर्यटन, यात्रा और खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए व्यवस्था बनाना (ii) सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन (iii) छात्र निकायों का गठन (iv) छात्र शिक्षक संबंध (v)जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता और यात्रा के लिए रियायत तथा अन्य सुविधाएं (vi) देश या विदेश में आगे के अध्ययन के लिए फेलोशिप/छात्रवृत्ति की सुविधा (vii)स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाएं (viii)छात्र परामर्श (ix)दिव्यांग छात्रों को या महिलाओं को विशेष सहायता (यदि आवश्यक हों तो) उपलब्ध करना (x)छात्र इनफॉर्मेशन सर्विसेज पूर्व छात्र संघ कुलपति द्वारा प्रत्यायोजित तथा अधिकृत प्रमाण पत्र जारी करना।

खेल और सांस्कृतिक / सह-पाठ्यचर्या गतिविधियां – विश्विविद्यालय में खेलकूद गतिविधियों से संबंधित समिति, सांस्कृतिक गतिविधियां समिति हैं जो वर्ष भर छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करती है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इन समितियों के समायोजकों के नेतृत्व में राज्य और राष्ट्र स्तर पर प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में भाग लेते हैं एवं अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करते हैं।

द्वितीय दीक्षांत समारोह – 27 मार्च, 2018

दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) ने 27 मार्च, 2018 को पटना में बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जिसमें सभीउतीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई।समारोह के मुख्य अतिथि पद्म भूषण डॉ. विजय पी. भटकर थे जो कि सूचना एवं कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक प्रख्यात वैज्ञानिक हैं। भारत में सुपर कंप्यूटिंग के जनक माने जाने वाले तथा वर्तमान में नालंदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। डॉ. भटकर ने पूरे सीयूएसबी परिवार को अपनी स्थापना से 9 वर्ष के कम समय में ही नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए बधाई दी। मुख्य अतिथि ने विश्वविद्यालय की स्थापना तथा उसके शिक्षा संबंधी प्रयासों को कार्यान्वयित होने में संस्थापक कुलपति प्रो. श्री जनक पाण्डेय जी का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने विश्वविद्यालय को सही मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ाने तथा उसके समुचित विकास के लिए वर्तमान कुलपति प्रो. श्री हरिश्चंद्र सिंह राठौर जी की प्रशंसा की। डॉ. भटकर ने विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र (2018-2019) से 6 नए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शुरूआत करने तथा विश्वविद्यालय के स्थाई परिसर पंचानपुर गया में नए भवनों का निर्माण कराने के लिए बधाई दी। डॉ. भटकर ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से भारत एक लंबा सफर तय कर चुका है, जब वह विश्व के सबसे गरीब देशों में गिना जाता था लेकिन उन्होंने पिछले सात दशकों में इस देश की उड़ान को देखा है। हालांकि, कुल नकारात्मकताओं के बावजूद मुझे इसकी उपलब्धियों पर गर्व है और यह खुशी का विषय है कि भारत अब दृढ़ता से विकास के पथ पर अग्रसर है। यदि सब इसी प्रकार चलता रहा तो मुझे विश्वास है कि 21वीं शताब्दी भारत के नाम रहेगा। जब वो विद्यार्थी थे तो विभिन्न श्रोतों से कोई सूचना प्राप्त करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती थी। हालांकि आज विद्यार्थियों के पास सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं,उन्हें बस इन सुविधाओं का सही प्रकार से उपयोग करना है। डॉ. भटकर ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि अपनी परंपराओं और मूल्यों का अनुसरण करें। आज उतीर्ण होने के उपरांत वास्तविकता से आपका सामना होगा और आपकी वास्तविक शिक्षा आज से शुरू होगी। याद रखिए ये ऐतिहासिक पल फिर नहीं आएगा। इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए ये एक बड़ा अवसर है कि वे इसे न केवल अपनी शैक्षिक उत्कृष्ठता के लिए बल्कि समाजिक विकास के लिए भी उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये विद्यार्थी ऐसे समय में उतीर्ण हो रहे हैं जबकि देश के पास ऐसा एक अनोखा अवसर है जो पहले नहीं था। वर्तमान में भारत विश्व की तसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और वर्ष 2040 तक अमेरिका से भी आगे बढ़ने की संभावना है। इसके पास एक समृद्ध जनसांख्यिकी है जिसकी औसत

आयु 29 वर्ष है। भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा प्रणाली में से एक है।यहां तक कि शून्य से शुरू करने के बावजूद विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तथा कंप्युटिंग के क्षेत्र में भी देश ने बहुत कुछ हासिल कर लिया है। अब हम विश्व के लिए उपग्रह लॉन्च कर रहे हैं। साथ ही डॉ. भटकर ने कहा कि पूरा विश्व भारत के विकास से हैरान है।

इसके पहले, सीयूएसबी के कुलपति प्रो. हरिश्चंद्र सिंह राठौर ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और लक्ष्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रो. राठौर ने कहा कि विश्वविद्यालय वर्ष 2009 में अपनी स्थापना के बाद से आगे की ओर अग्रसर हुआ है तथा अगले शैक्षणिक सत्र से अपने स्थाई परिसर गया के पंचानपुर में स्थानांतरित हो जाएगा। स्थायी परिसरशून्य अपशिष्ट उत्सर्जन सहित हरा परिसर हैजिसमेंएकीकृत आवास मूल्यांकन (ग्रिहा) के ग्रीन रेटिंग केपांच-मानकों का अनुपालन किया गया है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि एक आदर्श विश्वविद्यालय को मूल्यों के साथ शिक्षा के एकीकरण पर ध्यान देना चाहिए । ये सीयूएसबी की ठोस आधारशिलाऔर कार्य सिद्धांतों का समर्पण था कि वर्ष 2016 में इसने एनएएसी (नैक) में "ए" ग्रेड हासिल किया और राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में 94वां स्थान प्राप्त कियाजो विश्वविद्यालय की अभिनव शिक्षण और मूल्यांकन प्रक्रिया के कारण ही संभव हुआ है। सीयूएसबी के कुलपति ने कहा कि शीघ्र ही सीबीसीएस (चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली) के कार्यान्वित होने पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा की मांग के अनुसार पाठ्यक्रम निर्धारित करने में सुविधा होगी। शैक्षणिक वर्ष 2014, 2015, 2016 तथा 2017 में कुल 675 विद्यार्थी उतीर्ण हुए जिन्हें दीक्षांत समारोह के दौरान उपाधि प्रदान की गई। कुल 90 अव्वल (टॉपर) रहने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए जिनमें कुलाधिपति स्वर्ण पदक (5), स्कूल स्वर्ण पदक (25) और विभाग/सेंटर स्वर्ण पदक (60) दिए गए। सुचेता शर्मा (एमएसी मेथेमेटिक्स), रोहित कुमार (इंटीग्रेटेड बीएससी+बीएड), पूजा कुमारी (एमएससी कंप्युटर साइंस), फौज़िया परवीन (एमएससी लाईफ साइंस) तथा प्रेमलता कुमारी (एमएससी बायोटेक्नोलॉजी) को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया गया।सभी विद्यार्थी चेहरे पर मुस्कान लिए एक विशिष्ट ड्रेस-कोड (पारंपरिक भारतीय पोशाक) में डिग्री प्राप्त करने के लिए सभागार में उपस्थित थे। लड़कियों के लिए ड्रेस-कोड सफेद सलवार कुर्ती तथा दुपट्टा या मैचिंग ब्लाउज़ के साथ लाल / मरून रंग की किनारी वाली सफेद साड़ी था जबकि लड़कों के लिए ड्रेस-कोड सफेद सूती कुर्ता तथा अलीगढ़ पायजामा था। विद्यार्थियों ने पगड़ी भी पहन रखी थी और पटका भी जिसमें एक ओर विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह (लोगो) और दूसरी ओर दीक्षांत का प्रतीक चिन्ह (लोगो) बना हुआ था। अन्य गणमान्य व्यक्ति जैसे नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुनैना सिंह, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,पटना के कुलपति प्रो. पी. के. जैन, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (मोतिहारी) के कुलपति प्रो. अरविंद अग्रवाल,सीयूएसबी के पूर्व कुलपति प्रो. जनक पाण्डेय, प्रति कुलपति प्रो. ओम प्रकाश राय, कुलसचिव डॉ. गायत्री विश्वनाथ पाटिल, परीक्षा नियंत्रक श्रीमती रश्मि त्रिपाठी और वित्त अधिकारी दीक्षांत समारोह में उपस्थित थे।

द्वितीय दीक्षांत समारोह – स्वर्णपदकों की सूची

कुलाधिपति स्वर्ण पदक

विद्यार्थी का नाम	कोर्स / प्रोग्राम	सत्र
सुचेता शर्मा	एमएससी मैथेमैटिक्स	2012 - 14
रोहित कुमार	इन्टीग्रेटेड बीएससी बीएड	2013 - 17
पूजा कुमारी	एमएससी कम्प्यूटर साईंस	2013 - 15
फौजिया परवीण	एमएससी लाइफ साईंस	2014 - 16
प्रेमलता कुमारी	एमएससी बायोटेक्नोलॉजी	2015 - 17

स्कूल स्वर्ण पदक

विद्यार्थी का नाम	कोर्स / प्रोग्राम	सत्र
अभिषेक द्विवेदी	एमए डेवलपमेंट स्टडीज	2012 - 14
सुचेता शर्मा	एमएससी मैथेमैटिक्स	2012 - 14
अनुमेह	एमएससी लाइफ साईंस	2012 - 14
श्रेयसी राय	एमए साइकोलॉजी	2012 - 14
बिनिता कुमारी	एमए इंग्लिश	2012 - 14
राखी गौरवम	एमए मास कम्यूनिकेशन एंड मीडिया स्टडीज	2012 - 14
रोहित कुमार	इन्टीग्रेटेड बीएससी बीएड	2013 - 17
स्निग्धा कल्याणी	एमए इकोनोमिक्स	2013 - 15
पूजा कुमारी	एमएससी कम्प्यूटर साईंस	2013 - 15
रचना सिंह	एमएससी इनवायरनमेंटल साईंस	2013 - 15
शालिनी कुमारी	एमए साइकोलॉजी	2013 - 15
अन्नु प्रिया	एमए इंग्लिश	2013 - 15
प्रगति पल्लवी	एमए मास कम्यूनिकेशन एंड मीडिया स्टडीज	2013 - 15

विद्यार्थी का नाम	कोर्स / प्रोग्राम	सत्र
रूबी चौधरी	एमए इकोनोमिक्स	2014 - 16
मो० शाह फहद	एमटेक कम्प्यूटर साईंस	2014 - 16
फौजिया परवीण	एमएससी लाइफ साईंस	2014 - 16
शिशुकेश कुमार	एमए साइकोलॉजी	2014 - 16
शब्दिता कल्याणी	एमए इंग्लिश	2014 - 16
वली सबिना	एमए मास कम्यूनिकेशन एंड मीडिया स्टडीज	2014 - 16
अंजू कुमारी	एमए पॉलिटिकल साईंस एंड इंटरनेशनल रिलेशंस	2015 - 17
पंकज कुमार	एमएससी स्टेटिस्टिक्स	2015 - 17
प्रेमलता कुमारी	एमएससी बायोटेक्नोलॉजी	2015 - 17
जया शुक्ला	एमए साइकोलॉजी	2015 - 17
अदिति प्रिया	एमए इंग्लिश	2015 - 17
सौमिल सहाय	एमए मास कम्यूनिकेशन एंड मीडिया स्टडीज	2015 - 17

विभाग / सेंटर स्वर्ण पदक

विद्यार्थी का नाम	कोर्स / प्रोग्राम	सत्र
अभिषेक द्विवेदी	एमए डेवलपमेंट स्टडीज	2012 - 14
इन्द्रजीत कुमार	एमए इकोनोमिक्स	2012 - 14
सुचेता शर्मा	एमएससी मैथेमैटिक्स	2012 - 14

विद्यार्थी का नाम	कोर्स / प्रोग्राम	सत्र
आस्था शर्मा	एमएससी स्टेटिस्टिक्स	2012 - 14
पूर्णेन्दु प्रभात	एमएससी कम्प्यूटर साईंस	2012 - 14
सौमेन नायक	एमटेक कम्प्यूटर साईंस	2012 - 14

विभाग / सेंटर स्वर्ण पदक

विद्यार्थी का नाम	कोर्स / प्रोग्राम	सत्र
दिप्ति गुप्ता	एमएससी बायोटेक्नोलॉजी	2012 - 14
नंदन कुमार	एमएससी बायोइंफारमेटिक्स	2012 - 14
अनुमेहा	एमएससी लाइफ साईंस	2012 - 14
धीरेन्द्र कुमार	एमएससी इनवायरनमेंटल साईंस	2012 - 14
श्रेयसी राय	एमए साइकोलॉजी	2012 - 14
बिनिता कुमारी	एमए इंग्लिश	2012 - 14
राखी गौरवम	एमए मास कम्यूनिकेशन	2012 - 14
अनुपम रवि	इन्टीग्रेटेड बीए बीएड	2013 - 17
रोहित कुमार	इन्टीग्रेटेड बीएससी बीएड	2013 - 17
आनंद कश्यप	एमए डेवलपमेंट स्टडीज	2013 - 15
स्निग्धा कल्याणी	एमए इकोनोमिक्स	2013 - 15
सलमा जफर	एमए पॉलिटिकल साईंस एंड इंटरनेशनल रिलेशंस	2013 - 15
सूरज एचएस	एमए सोशियोलाजी	2013 - 15
अनुराधा सिन्हा	एमएससी मैथेमैटिक्स	2013 - 15
नेहा कुमारी	एमएससी स्टेटिस्टिक्स	2013 - 15
पूजा कुमारी	एमएससी कम्प्यूटर साईंस	2013 - 15
ज्योति कुमारी	एमएससी कम्प्यूटर साईंस	2013 - 15
आशा साहु	एमएससी बायोटेक्नोलॉजी	2013 - 15
मो. शहबाज इकबाल	एमएससी बायोइंफारमेटिक्स	2013 - 15
सौम्याज्योती घोसाल	एमएससी लाइफ साईंस	2013 - 15
रचना सिंह	एमएससी इनवायरनमेंटल साईंस	2013 - 15
शालिनी कुमारी	एमए साइकोलॉजी	2013 - 15
अन्नु प्रिया	एमए इंग्लिश	2013 - 15
अम्बिका कुमारी	एमए हिन्दी	2013 - 15
प्रगति पल्लवी	एमए मास कम्यूनिकेशन	2013 - 15
अहजा	एमए डेवलपमेंट स्टडीज	2014 - 16
रूबी चौधरी	एमए इकोनोमिक्स	2014 - 16

विद्यार्थी का नाम	कोर्स / प्रोग्राम	सत्र
वंदना मिश्रा	एमए पॉलिटिकल साईंस एंड इंटरनेशनल रिलेशंस	2014 - 16
अविनिता गौतम	एमएससी मैथेमैटिक्स	2014 - 16
विकास कु० ठाकुर	एमएससी स्टेटिस्टिक्स	2014 - 16
निशु कुमारी	एमएससी कम्प्यूटर साईंस	2014 - 16
मो० शाह फहद	एमटेक कम्प्यूटर साईंस	2014 - 16
तुलिका	एमएससी बायोटेक्नोलॉजी	2014 - 16
श्वेता कुमारी	एमएससी बायोइंफारमेटिक्स	2014 - 16
फौजिया परवीन	एमएससी लाइफ साईंस	2014 - 16
अमिता कुमारी	एमएससी इनवायरनमेंटल साईंस	2014 - 16
शिशुकेश कुमार	एमए साइकोलॉजी	2014 - 16
शब्दिता कल्याणी	एमए इंग्लिश	2014 - 16
वली सबिना	एमए मास कम्यूनिकेशन	2014 - 16
प्रियंका कुमारी	एमए डेवलपमेंट स्टडीज	2015 - 17
सादिया अफजल	एमए इकोनोमिक्स	2015 - 17
अंजू कुमारी	एमए पॉलिटिकल साईंस एंड इंटरनेशनल रिलेशंस	2015 - 17
रश्मि प्रसाद	एमएससी मैथेमैटिक्स	2015 - 17
पंकज कुमार	एमएससी स्टेटिस्टिक्स	2015 - 17
अंकिता कुमारी	एमएससी कम्प्यूटर साईंस	2015 - 17
अतिफ अफरीदी	एमटेक कम्प्यूटर साईंस	2015 - 17
प्रेमलता कुमारी	एमएससी बायोटेक्नोलॉजी	2015 - 17
निजेता	एमएससी बायोइंफारमेटिक्स	2015 - 17
अदिति अरोड़ा	एमएससी लाइफ साईंस	2015 - 17
रश्मि रंजन	एमएससी इनवायरनमेंटल साईंस	2015 - 17
जया शुक्ला	एमए साइकोलॉजी	2015 - 17
अदिति प्रिया	एमए इंग्लिश	2015 - 17
गौरव कुमार	एमए हिन्दी	2015 - 17
सौमिल सहाय	एमए मास कम्यूनिकेशन	2015 - 17

सीयूएसबी में सह-पाठ्येतर गतिविधियां / आयोजन

अम्बेदकर जयंती (13th अप्रैल, 2017)

13 अप्रैल, 2017 को विश्वविद्यालय में अम्बेडकर जयंती समारोह के दौरान सीयूएसबी के कुलपति प्रो० हरीश चन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि यदि हम सच में भारत रत्न डा० भीमराव अम्बेदकर जी को सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं तो हमें एक जाति मुक्त भारत का निर्माण करना होगा। डा० अम्बेदकर की 126वीं वर्षगांठ पर सम्बोधन प्रस्तुत करते हुए प्रो० राठौर ने कहा कि हमें इन पंक्तियों 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' पर गर्व होना चाहिए जो भारत की भव्यता को दर्शाते हैं। वैसे भी भारत हर पहलू से एक समृद्ध राष्ट्र तभी बन सकता है जब वो डा० अम्बेडकर द्वारा दिये गये संविधान तथा उनके सुझाये मार्गों पर चले। इस अवसर पर सीयूएसबी के विदयार्थी संगठन पुर्नजागरण ने कुलपति जी के नेतृत्व में विभिन्न विशेष आयोजन किये जिसमें संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा विदयार्थियों ने भाग लिया। इसी प्रकार विश्वविद्यालय के गया परिसर में भी अम्बेडकर जयंती समारोह पूरे उत्साह से मनाया गया। गया परिसर के शैक्षणिक समिति सीयूएसबी में समारोह/गतिविधियां ने एक चर्चाका आयोजन किया जिसका शीर्षक था 'अम्बेडकर एंड नेशन बिल्डिंग इन कन्टेम्पररी इंडिया'। चर्चा के मुख्य वक्ता थे प्रो० एस.पी. श्रीवास्तव, डा० आलोक कुमार गुप्ता तथा डा० जितेन्द्र राम। सीयूएसबी के प्रतिकुलपति प्रो० ओ.पी. राय ने चर्चा का उदघाटन करते हुए उसकी अध्यक्षता भी की।

वीर कुंवर सिंह जयंती (26 अप्रैल, 2017)

26 अप्रैल 2017 को स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर सीयूएसबी के शैक्षणिक समिति ने एक वार्ता-चर्चा का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता प्रो० पी.के. सिंह, डीन एस.एल.एल. ने की प्रो० एस.एन. सिंह, डीन एस.एस.पी., प्रो० एस.के. श्रीवास्तव, डीन एस.एल.डब्लू., डा० प्रणव कुमार, सहायक प्राध्यापक, डा० सुधांशु कुमार झा, सहायक प्राध्यापक तथा डा० हरेश नारायण पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक, सीयूएसबी समारोह में आमंत्रित मुख्य वक्ता थे। चर्चा में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य तथा विदयार्थी प्रतिभागी थे। शैक्षणिक समिति के सदस्य डा० अतीश कुमार दास ने वार्ता का परिचय दिया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन किया।

एक भारत श्रेष्ठ भारत सप्ताह (मई, 2017 का प्रथम सप्ताह)

यूजीसी / एमएचआरडी के दिशानिर्देशों के अनुसार मई, 2017 के प्रथम सप्ताह में सीयूएसबी द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस साप्ताहिक समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों, संकायों तथा कर्मचारियों को भारत की एकता, अखंडता तथा उत्कृष्टता से अवगत कराना था। प्रो. हरीश चंद्र सिंह राठौर, कुलपति, सीयूएसबी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार ये गतिविधियां डॉ. सनत कुमार शर्मा,(छात्र कल्याण अधिष्ठाता) की देखरेख में संपन्न हुआ।समारोह के को-ऑर्डिनेटर डॉ. प्रिय रंजन, सहायक प्राध्यापक, सोशियोलॉजी ने 'एक

भारत श्रेष्ठ भारत' के प्रयोजन तथा लक्ष्य के संबंध में बताया। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. ओ. पी. राय ने एकता तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के संबंध में अपने विचारों को व्यक्त किया। ये साप्ताहिक कार्यक्रम डीएसडब्ल्यू के धन्यवाद ज्ञापन से संपन्न हुआ जिसमें उन्होंने ये बताया कि भारत की एकता उसकी विविधता में है।

सृजन– 17: एनुएल डॉक्यूमेंट्री फिल्म स्क्रीनिंग (16 मई, 2017)

16 मई, 2017 को सीयूएसबी के सेन्टर फॉर मास कम्यूनिकेशन एंड मीडिया (सीएमएस) ने 'सृजन' शीर्षिक वार्षिक डाक्यूमेन्ट्री फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता सीयूएसबी की कुलसचिव डा० गायत्री वी० पाटिल तथा प्रसिद्ध पर्यावरणविद डा० अशोक घोष ने की। समारोह के दौरान डा० रवि सूर्यवंशी की मार्गदर्शन में चौथे सत्र के विदयार्थियों द्वारा विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व के विषयों पर निर्मित चार डाक्यूमेंन्ट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। डाक्यूमेंट्रीयों के नाम इस प्रकार हैं- बदला बिहार, बदली जिंदगी, ई-वेस्ट : गारबेज टु गोल्ड, छतोर तथा मुजरा। बदला बिहार, बदली जिंदगी में राज्य के लोगों पर शराबबंदी के सकारात्मक प्रभावों को दिखाया गया। ई-वेस्ट:गारबेज टु गोल्ड में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट मनैजमेंट के विभिन्न पहलुओं को बताते हुए पर्यावरण पर उसके प्रभाव को दिखाया। छतोर में राज्य की लोक खानपान को दिखाया गया। मुजरा में इस क्षेत्र के कलाकारों की दशाओं को दिखाते हुए समाज में इसके घटते हुए स्थिति को दिखाया है। समारोह का उदघाटन डा० पाटिल, डा० घोष तथा सीयूएसबी के संकाय सदस्यों प्रो० अरूण कुमार सिन्हा, प्रो० तेज बहादुर सिंह, डा०राम कुमार तथा

डा० आतीश पराशर द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सीडी विमोचन से किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डा० पाटिल ने मीडिया विभागतथा विदयार्थियों के प्रयासों की सराहना की। डा० घोष ने कहा कि,'ये फिल्मेंसीयूएसबीमें प्रदान की जानेवाली उत्तम शिक्षा का ही परिणाम है। डा० आतीश पराशर, अध्यक्ष, सीएमएस ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डा० सुजीत कुमार, डा० आनिंदया देब, डा० अमृता श्रीवास्तव, डा० एन.एल. देवी, डा० दास अम्बिका भारती, डा० प्रशांत के साथ सीयूएसबी के अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2017)

एमएचआरडी के दिशानिर्देशों के अनुसार सीयूएसबी ने 21 जून, 2017 को अपने परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर इस दिन सुबह डेढ़ घंटे का एक योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, संकायों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। योग अभ्यास सत्र का आयोजन डॉ. सनत कुमार शर्मा (डीएसडब्ल्यू) द्वारा किया गया जो कि कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अनुसार था जिसकी शुरूआत ध्यान की मुद्रा जो कि नमस्कार मुद्रा है, के साथ हुई और इसके बाद अन्य कई

मुद्राओं जैसे-खड़े होकर,बैठकर, अधोमुख, उतान अवस्था इत्यादि में भी योग किया गया। योग सत्र की समाप्ति संकल्प तथा शांति पाठ के साथ हुई।

नये नामांकित विदयार्थियों का ओरिएंटेशन (24-25 जुलाई, 2017)

विश्वविदयालय के पटना तथा गया परिसरों में अपने करियर के लक्ष्य को प्राप्त करने के उदेश्य के सपने देखते हुए सीयूएसबी में नये नामांकित विदयार्थियों ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम्में भाग लिया। सीयूएसबी की परीक्षानियंत्रक श्रीमति रश्मि त्रिपाठी के बताये गये समयानुसार

विभिन्न भूभागों द्वारा विदयार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। दिन की शुरूआत नये विदयार्थियों के क्रमश: अपने विभागों में उपस्थिति तथा नामांकन प्रक्रिया के साथ हुई तथा इसके बाद संकाय सदस्यों तथा विदयार्थियों के बीच विचारो का आदान-प्रदान हुआ। डा० मयंक युवराज, सहायक पुस्तकालयअध्यक्ष तथा श्री प्रशांत रमण, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर लैब ने पुस्तकालय तथा कम्प्यूटर लैब सुविधाओं के संबंध में क्रमश: प्रस्तुतिकरण दिया। प्रोक्टोरियल बोर्ड ने विदयार्थियों से बात की तथा उनसे विश्वविदयालय में शांति बनाये रखने के लिए प्रार्थना की। प्रोक्टोरियल समूह ने विदयार्थियों से बात की तथा परिसर में अनुशासन बनाये रखने का निवेदन किया। साथ ही प्रोक्टोरियल समूह ने नये विदयार्थियों को परिसर को पूरी तरह से रैगिंग मुक्त होने का आश्वासन दिया। ओरिएंटेशन सत्र का समापन मो० मुदस्सीर आलम, जन सम्पर्क अधिकारी सह प्रशासनिक अधिकारी के प्रस्तुतिकरण से हुआ। विधार्थीयों ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम को संतोषजनक बताया तथा सीयूएसबी में एक अच्छे अनुभव की उम्मीद के साथ शुरूआत की।

न्यू इंडिया 2022 – शपथग्रहण (09 अगस्त 2017)

सीयूएसबी के पटना, गया तथा पंचानपुर स्थित स्थाई परिसर में 'न्यू इंडिया प्लेज' शपथग्रहण आयोजन किया। समारोह का आयोजन प्रो. हरीश चंद्र सिंह राठौर, कुलपति, सीयूएसबी के नेतृत्व में किया गया। एमएचआरडी के दिशानिर्देशों के अनुसार इस शपथग्रहण समारोह का आयोजन भारतीय स्वतंत्रता के 70वीं वर्षगांठ तथा भारत छोड़ो आंदोलन के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया जिसे 'संकल्प से सिद्धि' (न्यू इंडिया मूवमेंट 2017-2022) सीयूएसबी में समारोह/ गतिविधियां नाम दिया गया। आयोजन में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों ने उत्साहित होकर भाग लिया। सभी प्रतिभागी एक

स्थान पर एकत्रित हुए तथा प्रो. अरुण कुमार सिन्हा एवं प्रो. प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में क्रमश: पटना तथा गया में शपथग्रहण लिया। पंचानपुर में शपथ समारोह का नेतृत्व श्रीमती रश्मि त्रिपाठी, परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी) ने किया।

स्क्रीनिंग ऑफ डाक्यूमेंट्री- निभीरितोचरी (08 अगस्त 2017)

सीएसयूबी के गया परिसर में श्री सौरभ सरकार द्वारा निर्देशित बंगाली डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'निभृतोचरी' (एक आत्मा)की विशेष स्क्रीनिंग की गई। ये डाक्यूमेंट्री फिल्म एक वृद्धा आश्रम पर आधारित है जिसका नामांकन नई दिल्ली में आयोजित तृतीय प्रयाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्ट में स्क्रीनिंग के लिए किया गया। इस डाक्यूमेंट्री फिल्म की स्क्रीनिंग के अवसर पर श्री सौरभ सरकार ने कहा कि बुढ़ापा मानव जीवन का एक हिस्सा है। श्री सरकार ने आगे कहा कि, बुढ़ापे को एक सकारात्मक रूप में व्यतीत करना भी एक कला है जिसे इस फिल्म के माध्यम से दर्शाया गया है। सीयूएसबी के प्रतिकुलपति प्रो० ओ.पी.

राय ने कहा कि नई पीढ़ी को एक समृद्ध जीवन के अनुभवों को जानने के लिए पुरानी पीढ़ी के साथ समय व्यतीत करना चाहिए। नयी पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी का सम्मान करना चाहिए तथा उनसे जीवन के उतार चढ़ाव के अनुभवों को प्राप्त करना चाहिए। इस डाक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग सत्र को आयोजन डा० समापिका महापात्रा, अध्यक्ष सेन्टर फॉर डवलपमेंट स्टडीज़ के द्वारा किया गया जिन्होंने युवाओं को अपने ज्येष्ठ एवं वृद्ध लोगों का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त, 2017)

सीयूएसबी के कुलपति प्रो० हरीश चन्द्र सिंह राठौर ने स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में कहा कि, भारत को एक नया और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए जातिवाद, सम्प्रदायिकता तथा अन्य समाज संबंधी कुरीतियों जो कि देश के लोगों को विभाजित करती है, से हटाना पड़ेगा। जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए अपने प्राणों का त्याग किया उन्होंने एक समृद्ध भारत का सपना देखा था, लेकिन क्या वो पूरा हुआ? प्रो० राठौर ने कहा कि यह एक बड़ा प्रश्न ही नहीं बल्कि इस सपने को पूरा करना भी बाकी है। वास्तव में देश की सही उन्नति तथा विकास जातिवाद, सांप्रदायिकता इत्यादि जैसे कुरीतियों से बुड़ी तरह प्रभावित है। देश को विकसित एवं समृद्ध बनाने के लिए समाज से इन हानिकारक बुराइयों को हटाना आवश्यक है। प्रो० राठौर ने उपस्थित

युवाओं से एक नये भारत निर्माण के सपने को साकार करने का आवाह्न किया। इसके पहले स्वतंत्रता दिवस समारोह का आरंभ सीयूएसबी के कुलपति द्वारा ध्वजारोहन तथा राष्ट्रगान से हुआ। इसी प्रकार पटना परिसर में प्रो० अरूण कुमार सिन्हा ने ध्वजारोहण किया तथा अपना संबोधन दिया। सांस्कृतिक गतिविधियां समिति के मार्गदर्शन में पटना तथा गया परिसर के विदयार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतपोत मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नृत्य, गीत, नाटिका, काव्य पाठ इत्यादि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य आकर्षण रहे।

मोबिक्लिक : मोबाईल फोटो प्रदर्शनी (18 अगस्त, 2017)

विश्व छायांकन दिवस के अवसर पर सीयूएसबी के सेन्टर फॉर मास कम्यूनिकेशन एंड मीडिया (सीएमएस) ने पहली बार मोबिक्लिक नाम से मोबाईल फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में लगे फोटो विभिन्न पर्यावरण संबंधि तथा सामाजिक महत्वपूर्णता जैसे गरीबी,प्रक़ति संबंधि इत्यादि विषयों पर आधारित फोटो लगाये गये। विदयार्थियों ने डा० रवि सूर्यवंशी, सहायक प्राध्यापक, सीएमएस के मार्गदर्शन में विदयार्थियों ने प्रदर्शनी लगायी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्य अतिथि श्री प्रशांत रवि जी ने मीडिया विभाग तथा

विदयार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विदयार्थियों के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए इस व्यवसाय की समस्याओं के बारे में बताया। श्री प्रशांत रवि ने फोटोग्राफरों के नैतिक मानकों को भी समझाया तथा विदयार्थियों से फोटोग्राफी करते वक्त इस नैतिक मानक को ध्यान में रखने को कहा। डा० अतीश पराशर, अध्यक्ष, सीएमएस ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

यूथ पार्लियामेंट (26 अगस्त, 2017)

26 अगस्त, 2017 को सीयूएसबी के स्कूल ऑफ लॉ एंड गर्वनेंस ने समूह आधारित चौदहवीं राष्ट्रीय पार्लियामेंट प्रतियोग्यता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में सुश्री सानिया किश्वर ने लोकसभा अध्यक्ष का पात्र निभाया, श्री शुभम आनंद ने प्रधानमंत्री की भूमिका निभाई तथा श्री प्रभात कुमार चौधरी ने नेता विपक्ष की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में श्री हरि मांझी, गया लोकसभा सदस्य समारोह में उपस्थित थे तथा उन्होंने प्रतियोगियों के रूप में विदयार्थियों के अनुशासन की प्रशंसा की। गया कॉलेज के डा० अशोक कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे तथा उन्होंने यूथ पार्लियामेंट सेशन में विदयार्थियों द्वारा पूछ गये प्रश्नों तथा दिये गये उत्तरों की सराहना की। डा० सैयद जी। कादरी,

संसदीय कार्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विश्वविदयालय के प्रदर्शनों का मूल्यांकन किया तथा यूथ पार्लियामेंट सेशन के सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों पहलुओं के बारे में बताया। सीयूएसबी की कुलसचिव डा० गायत्री वी० पाटिल ने यूथ पार्लियामेंट सेशन की प्रक्रियाओं को देखा तथा भविष्य में ऐसे अन्य सेशन के आयोजन महत्वपूर्णता पर ध्यान आकर्षित किया। गया परिसर के प्रभारी प्रो० प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन लोकतंत्र के प्रति युवाओं में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रो० एस.पी. श्रीवास्तव अध्यक्ष तथा प्रमुख, स्कूल ऑफ लॉ एंड गर्वनेंस ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्त किया। संसदीय कार्य समिति के प्रतिनधि ने सभी विदयार्थियों जिनके नाम हैं शुभम आनंद, तनय आकाश, मेहरनाज़, विशाल कुमार सिंह, अभ्युदय आनंद तथा आनंद शुक्ला के प्रदर्शन की सराहना की। डा० दिग्विजय सिंह, सहायक प्राध्यापक लॉ ने युथ पार्लियामेंट प्रतियोगता का आयोजन किया।

हिंदी पखवाड़ा
(12 से 26 सितम्बर 2017)

संघ की राजभाषा नीति एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार सीयूएसबी में 14 सितम्बर, 2017 को हिंदी दिवस, तथा दिनांक 12 सितम्बर, 2017 से 26 सितम्बर, 2017 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक राजभाषा श्री प्रतीश कुमार दास ने सर्वप्रथम राजभाषा हिंदी के संवैधानिक प्रावधानों, अधिनियमों और नियमों की जानकारी दी| समारोह के दौरान राजभाषा हिंदी: संघर्ष व समाधान पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी. छात्र महेश कुमार को प्रथम, अविनाश कुमार (केयरटेकर) को द्वितीय तथा विनीत कुमार को तीसरा स्थान मिला. विनोबा नगर, गया परिसर में विद्यार्थियों हेतु कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रिंस

कुमार को प्रथम, कु. प्रज्ञा को द्वितीय तथा ईशा श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी श्रृंखला में पटना परिसर में स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान कु. शिखारानी, द्वितीय पुरस्कार उत्सव कुमार तथा प्रणव कुमार को तथा तृतीय पुरस्कार आलोक कुमार पाण्डे को प्राप्त हुआ। 19 सितम्बर को पंचानपुर में टिप्पण-प्रारूपण, राजभाषा प्रश्नोत्तरी तथा काव्य-पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। 26 सितम्बर को स्थायी परिसर पंचानपुर में हिन्दी पखवाड़ा का औपचारिक समापन किया गया जिसमें कुलपति प्रो. हरीशचन्द्र सिंह राठौर ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रति कुलपति, प्रो. ओ.पी. राय, कुलसचिव, डा. गायत्री विश्वनाथ पाटिल तथा परीक्षा नियंत्रक, श्रीमती रश्मि त्रिपाठी के साथ अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित थे!

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा
(15 सितंबर – 2 अक्टूबर, 2017)

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान के तहत 'स्वच्छ भारत अभियान (क्लीन इंडिया ड्राईव) के तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर सीयूएसबी ने 'स्वच्छता ही सेवा' (क्लीनीनेंस एज सर्विस) पटना तथा गया परिसर में समारोह का आयोजन किया। गया परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा आयोजन की शुरूआत प्रो० प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में शपथ ग्रहण से हुई जिसमें प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय तथा अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की शपथ ली। इसके बाद विश्वविद्यालय के वातावरण को स्वच्छ तथा पर्यावरणीय अनुकुल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों ने वृक्षारोपण किया। जबकि पटना परिसर में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा विदयार्थियों ने 'स्वच्छता श्रमदान' में भाग लिया। स्वच्छता श्रमदान की शुरूआत प्रो० अरूण कुमार सिन्हा के नेतृत्व में शपथग्रहण से हुई जिसमें बड़ी संख्या में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा विदयार्थियों ने भाग लिया।

श्रमदान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में बिखड़े व्यर्थ पदार्थों जैसे- कागज, पॉलीथीन बैग, रैपर्स, इत्यादि की सफाई की।

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस (21 सितम्बर 2017)

सीयूएसबी में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के उपलक्ष्य पर 21 सितम्बर 2017 को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कियें गयें ! कार्यक्रम की शुरुआत सीयूएसबी के प्रति कुलपति प्रोफेसर ओम प्रकाश राय ने शांति ध्वनि (Peace Bell) को बजा कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया! कार्यक्रमो की श्रृंखला में "धर्म से शांति" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, कविता पाठ, तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी! इन सभी कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के छात्रों तथा शिक्षकों ने बढ़ चढ़ भाग लिया एवं शांति को स्थापितं करने में धर्म की महता पर प्रकाश डाला! कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रति कुलपति प्रो. ओ.पी. राय ने किया तथा अपने संबोधन में कहा की विश्व शांति से पहले

आत्म शांति भी आवश्यक है! वहीँ इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षको ने कविता एवं भाषण के माध्यम से अपने विचार रखे ! कार्यक्रम में विदेशी भाषा संकाय के प्रमुख प्रो. प्रभात कुमार सिंह, शिक्षा संकाय के संकाय प्रमुख प्रो. कौशल किशोर तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सनत कुमार शर्मा ने इस विषय पर अपने विचार रखे ! कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभय कुमार ने किया!

गांधी जी एवं शास्त्री जी जयंती समारोह (02 अक्टूबर, 2017)

सीयूएसबी ने 02 अक्टूबर, 2017 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के दूसरे प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न आयोजन किए गए जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, संकायगण स्टाफ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. एस. एन. सिंह, डीन, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज़ एंड पॉलिसी द्वारा प्रो. कौशल किशोर, प्रॉक्टर एवं डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन की उपस्थिति में किया गया। डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, सह-प्राध्यापक, पॉलिटिकल साइंस ने गांधी जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए स्वशासन तथा 'हिंद स्वराज'पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें एक शांतिपूर्ण और समृद्ध राष्ट्र की स्थापना करने का विचार निहित है। डॉ. प्रणव कुमार ने गांधी जी के नेतृत्व में हुए 'सत्याग्रह' आंदोलन पर चर्चा की जबकि डॉ. सुधांशु झा ने भी देश के दो महान व्यक्तियों के विषय में अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर बनाना, रंगोली बनाना, निबंध लेखन तथा वाद-विवाद में भाग लिया। समारोह का आयोजन डॉ. प्रिय रंजन, सहायक प्राध्यापक, सोशियोलॉजिकल स्टडीज़ ने किया जिन्होंने धन्यवाद ज्ञापन भी प्रस्तुत किया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर, 2017)

सीयूएसबी के सेंटर फॉर साइकोलॉजिकल साइंसेज़ ने 10 अक्टूबर, 2017 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की थीम 'कार्यालय में मानसिक स्वास्थ्य' पर आधारित विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर डॉ. नरसिंह कुमार, सहायक प्राध्यापक, साइकोलॉजी ने स्वागत भाषण दिया तथा आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि खुशी सूचकांक पर भारत अपने पड़ोसी देशों से पिछड़ा हुआ है जिसका कारण अनुचित मानसिक स्वास्थ्य नीतियां तथा समुदायों का मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उपेक्षा हो सकती है। सम्माननीय अतिथि डॉ. आतिश पराशर जी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए जबकि डॉ. राम कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों के समाधान के लिए वैज्ञानिक शोध पर प्रकाश डाला। डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि वर्तमान में कैसे नई मीडिया और मानसिक स्वास्थ्य एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और समाज में एक अराजकता की स्थिति उत्पन्न करते हैं। पीआरओ मो. मुदस्सिर आलम ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। सेंटर फॉर साइकोलॉजिकल साइंसेज़ के प्रमुख प्रो. तेज बहादुर सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ. मंगलेश कुमार मंगलम, डॉ. दास अंबिका भारती,डॉ. चेतना जैसवाल और डॉ. किंशुक पाठक भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर, 2017)

प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जन्म दिवस के अवसर पर पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सीयूएसबी ने पटना तथा गया दोनों परिसरों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। गया परिसर में कुलपति प्रो. हरिश्चंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में 'एकता के लिए दौड़' (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया जिसमें प्रति कुलपति प्रो. ओ. पी. राय, डीएसडब्ल्यू डॉ. सनत कुमार शर्मा,मुख्य कुलानुशासक प्रो. कौशल किशोर, विभिन्न स्कूलों के डीन, विभिन्न सेंटरों के प्रमुख, शिक्षण, गैर-शिक्षण स्टाफ तथा विद्यार्थी भी उपस्थित थे। दौड़ शुरू होने से पहले कुलपति महोदय ने अपने संक्षिप्त संबोधन में देश की दो महत्वपूर्ण बातों,परिवार तथा अनेकता में एकता का उल्लेख किया। उन्होंने पश्चिमी सभ्यता के अनुकरण के कारण महानगरों में उभरते हुए पारिवारिक समस्याओं का भी उल्लेख किया। सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर गया परिसर में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत'शीर्षक से एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में पैनल के सदस्यों ने भारत को एक संयुक्त राष्ट्र बनाने में सरदार पटेल के योगदान पर चर्चा की। इसी प्रकार पटना परिसर में भी प्रो. अरुण कुमार सिन्हा, प्रोफेसर-इन-चार्ज की अगुवाई में राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरूआत शपथ ग्रहण समारोह के साथ की गई। अपने वक्तव्य में प्रो. अरुण कुमार सिन्हा ने सरदार वल्लभभाई पटेल का स्वतंत्रता सेनानी के रूप में योगदान, एक पूर्णत: सक्षम नेता तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री के रूप पर प्रकाश डाला। शपथ ग्रहण समारोह के बाद 'एकता की दौड़' हुई जो विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर पास ही के स्थान पर समाप्त हुई।

राष्ट्रीय विधि जागरूकता दिवस (09 नवंबर, 2017)

सीयूएसबी के लीगल एड क्लिनिक, स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज़ (टीआईएसएस), मुंबई तथा मानवाधिकार लॉ नेटवर्क, पटना के सहयोग से 09 नवंबर, 2017 को 'राष्ट्रीय विधि जागरूकता दिवस' का आयोजन किया। इस अवसर पर लीगल एड क्लिनिक ने 'एक दिवसीय सोशियो-लीगल एड' पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसका केंद्र बिंदु 'वर्तमान परिदृश्य में अंडर ट्रायल कैदियों तक सोशियो-लीगल एड की पहुंच' था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. एस.पी. श्रीवास्तव, प्रमुख एवं डीन, स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के वक्तव्य से हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एडवोकेट सुश्री सविता अली,दलित मानवाधिकार पर राष्ट्रीय अभियान की राष्ट्रीय विधिक कोऑर्डिनेटर, ने जेलों में दलित कैदियों पर होने वाले अत्याचारों के बारे में बताया तथा जेलों की खराब स्थिति, विशेषकर बिहार में, से श्रोताओं को अवगत कराया। इसके बाद श्री प्रवीण कुमार, आपराधिक न्याय फेलो, टीआईएसएस, मुंबई ने महाराष्ट्र में जेलों की स्थिति पर एक प्रेज़ेंटेशन दिया। श्री राहुल प्रसाद, आपराधिक न्याय फेलो, टीआईएसएस, मुंबई ने जुवेनाइल जस्टिस प्रणाली पर प्रेज़ेंटेशन दिया।

डॉ. प्रणव कुमार, सहायक प्राध्यापक, पॉलिटिकल साइंस, सीयूएसबी ने सामान्य जीवन तथा समाज में कैदियों के प्रति राजनीतिक दृष्टि और स्वीकरणतथा पहचान पर जोर दिया। श्रीमती पूनम कुमारी, सहायक प्राध्यापिका, लॉ, सीयूएसबी ने अंडर ट्रायल कैदियों के विभिन्न मामलों तथा कानूनों के बारे में सूचना दी। इसके बाद एक ओपन हाउस डिस्कशन भी हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। इसके बाद कार्यक्रम का समापन डॉ. देव नारायण सिंह, कोऑर्डिनेटर, लीगल एड क्लिनिक के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

महिलाओं के विधिक अधिकार संबंधी जागरूकता प्रतियोगिता (28 नवंबर, 2017)

